राष्ट्रीय सहारा (Rastriya Sahara)

दिनांक (Dated): 13.11.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 01	क्रम सं०(Serial No.) 15

CISF में पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने हवाईअड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ में 1000 से अधिक कर्मियों वाली पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है। इस इकाई का गठन बल की स्वीकृत जनशक्ति में से किया जाएगा। सीआईएसएफ में लगभग दो लाख स्वीकृत कर्मी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह एक मंजूरी आदेश जारी किया, जिसमें एक वरिष्ठ कमांडेंट रैंक अधिकारी के नेतृत्व में कुल 1025 कर्मियों के साथ बल में एक विशेष महिला रिजर्व इकाई को मंजूरी दी गई। सीआईएसएफ के अंतर्गत वर्तमान में 12 रिजर्व बटालियन है।